

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

### • क्या मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल एक और सप्ताह के लिए टल गया?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने वाले बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल फेरबदल को शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राओं के कारण कम से कम एक और सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्तमान में 1 जुलाई, 2026 से शुरू हुई फ्रांस की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी 6 से 9 जुलाई, 2026 तक इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित तीन देशों की छह दिवसीय हिंद-प्रशांत यात्रा पर जाने वाले हैं।

जुलाई में मंत्रिमंडल में फेरबदल की व्यापक रूप से उम्मीद है—संभवतः 20 जुलाई के आसपास शुरू होने वाले मानसून सत्र से पहले—मध्यावधि बदलाव के तौर पर, हालांकि अभी कुछ भी निश्चित नहीं है। मोदी 3.0 के पहले बड़े बदलावों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति और पोर्टफोलियो में समायोजन शामिल हो सकते हैं।

जून के अंत में प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के बाद अटकलें तेज हो गईं। हालांकि, ये अटकलें मीडिया और अंदरूनी सूत्रों द्वारा ही लगाई जा रही हैं – आधिकारिक घोषणा होने तक कुछ भी अंतिम नहीं है।

यह बहुप्रतीक्षित फेरबदल का दूसरा स्थगन है, जिसमें कई नए लोगों की नियुक्ति, पोर्टफोलियो में बदलाव और पदोन्नति होने की उम्मीद है।

### • मानसून सत्रः 20 जुलाई-13 अगस्त, महत्वपूर्ण विधेयक और एनडीए की बढ़ी हुई ताकत चर्चा का विषय रहेगी

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त, 2026 तक चलने की संभावना है, बशर्ते संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा इसे औपचारिक मंजूरी मिल जाए। तीन सप्ताह का यह सत्र राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है। इन दोनों विधेयकों को महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन माना जा रहा है, जो आगामी चुनावों से पहले चुनावी परिदृश्य को प्रभावित कर सकते हैं।

हालिया राजनीतिक समीकरणों और चुनावी परिणामों के बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एनडीए की बढ़ी हुई संख्यात्मक शक्ति को देखते हुए, सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह अपने बहुमत का लाभ उठाकर इन विधायी प्राथमिकताओं को तेजी से आगे बढ़ाएगी। सत्र में संघवाद, प्रतिनिधित्व और शासन सुधारों सहित व्यापक राजनीतिक मुद्दों पर गहन बहस होने की भी संभावना है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, एजेंडा विधायी महत्वाकांक्षा और राजनीतिक संदेश दोनों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है, जिसमें महिला सशक्तिकरण और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं, विपक्ष द्वारा प्रक्रियात्मक और मौलिक आधारों पर विरोध करने की आशंका है, जिससे एक संभावित रूप से उथल-पुथल भरे लेकिन महत्वपूर्ण सत्र की स्थिति बन सकती है।

### • तमिलनाडु में एआईएडीएमके को एक और झटका, 2 पूर्व मंत्री विजय के नेतृत्व वाली टीवीके में शामिल

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के बाद की उथल-पुथल से एआईएडीएमके नेतृत्व में हलचल मची हुई है। एआईएडीएमके को एक और झटका लगा है जब उसके दो पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर और एमआर विजयभास्कर ने पार्टी नेतृत्व से मोहभंग होने का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री सी. विजय जोसेफ के नेतृत्व वाली टीवीके में शामिल हो गए हैं।

## प्रशासनिक

### • सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत होने वाली महिला न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल भी शामिल



गुजरात उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल उन प्रमुख महिला न्यायाधीशों में से हैं जिनके नाम पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति के लिए विचार चल रहा है। वह 29 अप्रैल, 2028 को सेवानिवृत्त होने वाली हैं।

### • मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति नागरत्ना को सुप्रीम कोर्ट की कानूनी सेवा समिति का अध्यक्ष नामित किया



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति बैंगलोर वेंकटरामैया नागरत्ना को सर्वोच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित किया है।

### • क्या आईएफएसए के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे?

1989 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के. राजारामन, जो वर्तमान में आईएफएसए के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, का कार्यकाल इस महीने के अंत में समाप्त हो रहा है। उनका 3 वर्ष का कार्यकाल 31.07.2026 को समाप्त हो रहा है।

क्या उन्हें 31 जुलाई के बाद भी कार्यकाल विस्तार मिलेगा या नौकरशाही से कोई नया अप्रत्याशित उम्मीदवार इस पद के लिए उभर कर आएगा? या फिर सरकार ने नौकरशाही से बाहर के खुले बाजार से किसी व्यक्ति की पहचान कर ली है? इसका जवाब सिर्फ उच्च अधिकारी ही दे सकते हैं और देखते हैं क्या होता है।

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण भारत में वित्तीय सेवाओं से संबंधित गतिविधियों को विनियमित करने के लिए भारत सरकार द्वारा आईएफएससी अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। जीआईएफटी सिटी में स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र केंद्र सरकार द्वारा स्थापित पहला ऐसा केंद्र है। ढ्ढस्नस्ष्ट के अध्यक्ष का पद सचिव स्तर का है और अब तक केवल सेवानिवृत्त अधिकारियों को ही नियुक्त किया गया है।

### • उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार का नाम राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ पद के लिए सामने आया



तीन आईएएस अधिकारियों अवनीश अवस्थी, योगेश्वर राम मिश्रा और डॉ. अनिल पाठक के नामों के साथ-साथ अयोध्या के पूर्व डीएम और एक आईपीएस अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार का नाम भी सत्ता के गलियारों में सामने आया है। प्रशांत कुमार को राज्य में एक प्रभावशाली नेता माना जाता है।

### • एनसीबी में तैनात आईआरएस अधिकारी

अमित नायक सागरी (2015 बैच) आईआरएस (सी एंड आईटी) को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) में उप निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर 4 वर्षों की अवधि के लिए तैनात किया गया है।

### • अमित कुमार एसपीजी में ओएसडी नियुक्त किया गया है।

सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक अमित कुमार को विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) में विशेष सेवा अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे 31.03.2027 को आलोक शर्मा का कार्यकाल समाप्त होने पर उनके स्थान पर विशेष सुरक्षा समूह के निदेशक का पदभार ग्रहण करेंगे।

---

**उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा-**

# विपक्षियों की बौखलाहट का नतीजा है चंपत राय पर लांछन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपना सर्वस्व त्याग दिया है, लेकिन विपक्ष अपनी सियासी जमीन खिसकती देख उन पर अनर्गल लांछन लगा रहा है। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि जिन्होंने चोरी की है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है और सख्त कार्रवाई होगी। विरोधियों के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसीलिए वे राम मंदिर को लेकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

सर्किट हाउस में पार्टी नेताओं एवं मीडिया से हुई बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव आजकल नया झूठ फैला रहे हैं कि 2027 में चुनाव नहीं होगा, लेकिन चुनाव भी समय पर होगा और भाजपा भारी बहुमत से जीतकर अखिलेश यादव को सैफई भेजने का काम करेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। वे 2027 में सत्ता में आने का ख्वाब देख रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 2047 तक उनकी सत्ता में वापसी नहीं होने वाली। इस बौखलाहट में वे ऊल-जुलूल बयान दे रहे हैं, जबकि उन्हें 2047 तक अपनी पार्टी का अस्तित्व बचाने की चिंता करनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का लक्ष्य प्रयागराज की सभी 12 सीटें जीतने का होना चाहिए। यदि भाजपा पश्चिम बंगाल में मजबूती से लड़ सकती है, तो उत्तर प्रदेश में तो परिस्थितियां बेहद अनुकूल हैं। सर्किट हाउस में उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, निर्मला पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, विधायक दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, सुबोध सिंह, आशीष गुप्ता, आनंद सोनकर, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

---

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पखवाड़े के लिए जुटे भाजपाई

**लखनऊः** भाजपा महानगर की ओर से बृहस्पतिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पखवाड़ा के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन विधानसभा मार्ग स्थित सहकारिता भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान, राष्ट्रीय एकता और मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग तक पहुंचें और संगठन को सशक्त बनाएं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राजनीतिक जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल में रहते हुए भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और राष्ट्रहित के प्रश्न पर पद का त्याग कर दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा और राजेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय समेत सत्येंद्र सिंह एवं टिंकू सोनकर आदि मौजूद रहे।

---

# 936 ट्रेनिंग पार्टनर एक लाख से अधिक युवाओं को देंगे एआई का प्रशिक्षण

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एआई फॉर ऑल अभियान के तहत एक लाख से अधिक युवाओं को एआई व अन्य अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण देगा। इसके तहत मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य कौशल विकास निधि योजना में कौशल प्रशिक्षण के दूसरे चरण का लक्ष्य जारी कर दिया है।

प्रदेश के 831 निजी, राजकीय व स्टार्टअप प्रशिक्षण प्रदाताओं को 91425 युवाओं तथा 105 औद्योगिक व न्यू एज प्रशिक्षण प्रदाताओं को 14650 युवाओं के प्रशिक्षण, यानी कुल 936 प्रशिक्षण प्रदाताओं को एक लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले मिशन द्वारा अप्रैल में पहले चरण में 957 ट्रेनिंग पार्टनर को 99 हजार से अधिक युवाओं के प्रशिक्षण का लक्ष्य दिया गया है।

इस बार लक्ष्य आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मिशन द्वारा एआई डैशबोर्ड कौशल दर्पण का प्रयोग किया गया है। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से मिली सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर 936 प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य दिया गया है। सभी को समय से लक्ष्य को पूरा करना और सभी बैचों का अप्रूवल लेना हर हाल में जरूरी होगा।

**न्यू-एज कोर्सेज पर विशेष फोकस**-आधुनिक उद्योगों की मांग को देखते हुए इसमें हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, आईटी-आईटीईएस, फूड प्रोसेसिंग, अपैरल और हैंडीक्राफ्ट्स जैसे न्यू-एज और आधुनिक सेक्टर को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत न्यू-एज प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से केवल फ्यूचरिस्टिक जॉब रोल में ही दिया जाएगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया नए सत्र में युवाओं के प्रशिक्षण को लेकर काफी सख्ती की गई है। नियमों के उल्लंघन पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। नए नियमों में प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं को अपने हर नए सेंटर का उद्घाटन स्थानीय विधायक से ही कराना होगा।

---

# लाखों कमाएंगे ग्रामीण युवा, एक लाख तक हो सकती इनकम; 'प्रोजेक्ट गंगा' से बदलेगी किस्मत

**मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण भी उपलब्ध**

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए प्रोजेक्ट गंगा शुरू किया गया है। इसके तहत 700 से अधिक ग्रामीण युवाओं ने डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर (डीएसपी) बनने के लिए आवेदन किया है। इन युवाओं को सात दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के बाद ये युवा अपने गांवों में हाई स्पीड इंटरनेट और विभिन्न डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। सरकार का लक्ष्य न्याय पंचायत स्तर पर 8000 से 10000 डीएसपी तैयार करना है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को अपने गांव में ही डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। दावा है कि शुरुआत में डीएसपी की मासिक आय करीब 20 हजार रुपये होगी। यह ग्राहकों की संख्या बढ़ने पर एक लाख रुपये प्रतिमाह तक पहुंच सकती है। गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट (गंगा) परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक हाईस्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड पहुंचाना है।

**परियोजना के उद्देश्य और सेवाएं**

इस परियोजना के जरिये गांवों में टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, ई-गवर्नेंस और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाओं का विस्तार होगा।

स्मार्ट कृषि जैसी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इससे ग्रामीणों को प्रमाणपत्र, बैंकिंग और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

योजना के पहले चरण में 21 जिलों को शामिल किया गया है। इनमें नेपाल सीमा से सटे श्रावस्ती, बहराइच और बलरामपुर जैसे पिछड़े जिलों को प्राथमिकता मिली है। सरकार अगले दो से तीन वर्षों में इस परियोजना का विस्तार करेगी। इसका लक्ष्य प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों और करीब 20 लाख परिवारों तक पहुंचना है। योजना में महिलाओं की 50 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमाार सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट गंगा राज्य सरकार की महत्याकांक्षी योजना है। कुल 8000 डिजिटल सर्विस प्रोवाइडरों का चयन होगा, जिसके अंतर्गत अभी तक 700 युवाओं का चयन कर लिया गया है।

महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी का लक्ष्य है। ये प्रोजेक्ट ग्रामीण इलाकों को भी शहरों की तरह हाईस्पीड ब्राडबैंड सेवाओं से जोड़ेगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति में अहम भूमिका निभाएगा।

---

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बकतरा, जिला-सीहोर (म.प्र.)**

क्र./मंडी/स्टोर/26-27/146 दिनांक 03.07.2026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति बकतरा जिला सीहोर 'स' श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_519130_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 06.07.2026 को 11:30 बजे से दिनांक 21.07.2026 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगा।।

**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**बकतरा, जिला-सीहोर**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति**
**बकतरा, जिला-सीहोर**

म.प्र. माध्यम/126709/2026

---

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल**

प्रापर्टी आई.डी. नं. E496060012, आवेदन क्रमांक-12326, आवेदन दि. 09/06/2026
क्रमांक 2077/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दिनांक-02/07/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की योजना महराणा प्रताप नगर जोन -2 स्थित भूखंड क्रमांक 12 सेक्टर B श्री संजय त्यागी आ. स्व. श्री महेन्द्र त्यागी, श्री पंकज त्यागी आ. स्व. श्री महेन्द्र त्यागी, के संयुक्त नाम पर आवंटित है संयुक्त आवंटी में से श्री संजय त्यागी आ. स्व. श्री महेन्द्र त्यागी का स्वर्गवास दिनांक 15/4/2026 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्रीमती रीता त्यागी, पत्नी स्व. श्री संजय त्यागी, श्रीमती शाल्वी त्यागी पुत्री स्व. श्री संजय त्यागी, राशि त्यागी पुत्री स्व. श्री संजय त्यागी, श्री पंकज त्यागी आ. स्व. महेन्द्र त्यागी, द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भुखण्ड का संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमनुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी,**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

787

**आम सूचना**

मेसर्स M/s RICHMORE INFRASTRUCTURE फर्म के भागीदार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म का पंजीयन रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाये भोपाल में पंजीयन क्र. 01/01/01/0170/21 दिनांक 22/08/2021 है। दिनांक 23/05/2026 को भागीदारी संशोधन विलेख निष्पादित किया गया जिसमें भागीदार Dharmendra Goswami S/o Jashwant Giri को भागीदार के रुप में सम्मलित / शामिल हुये उक्त साझेदार भागीदार क्रं. 05, कहलायेगें भागीदारी संशोधन विलेखानुसार नये साझेदार को संलेख में भागीदार के अधिकार प्राप्त होगें ।

**अत : सर्वसाधारण को सूचित हों।**

**Juzer Adamali Dhorajiwala**
**भागीदार**
**M/S RICHMORE INFRASTRUCTURE**

786

---

## पीजी कॉलेज : कुलपति ने दिए सेवा बहाली के आदेश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज से पिछले साल जून महीने में निकाले गए 16 शिक्षकों की सेवा बहाली के आदेश काशी विद्यापीठ के कुलपति ने जारी कर दिए हैं।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 211/अ-3/2025-26

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती सुधा अग्रवाल W/O प्रकाश गुप्ता निवासी नेहरू नगर भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 के अंतर्गत बटान किये जाने आवेदनपत्र प्रस्तुतकर ग्राम बागसेवनिया प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नंबर 275/2/1, रकवा 0.0810 हे. में से भूमि 0.0810 हे. का बटान राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस/ 2026 को या इससे पूर्व न्यायालय में उपस्थित हो कर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणापत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 5/6/2026 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-कोलार जिला भोपाल**

788

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)**

आवेदन क्र. RS/444/0736/3540/2026
ग्राम का नामः बैरागढ़ चीचली
प.ह.नं. 14 तहसील कोलार, जिला भोपाल

**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1. श्रीमति बबीता अग्रवाल पत्नि श्री हरीश अग्रवाल चूना भट्टी, निवासी-चूनाभट्टी तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र., 2. श्री हरीश चन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व. श्री दिनेश चंद्र अग्रवाल, निवासी-चूनाभट्टी तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र., 3. सर्व साधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारगण। **एतद द्वारा** सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अजय सिंह आ. श्री बाबू लाल खातेदार-ग्राम-बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम बैरागढ़ चीचली प.ह.नं. 14 तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा 336 रकबा 1.6200 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 06/07/2026 को समय प्रातः11:00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 24.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. बैरागढ़ चीचली**

789

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार, जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक 0470/अ-12/25-26**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक Pooja PASSEY w/o PRABODH PASSEY निवासी भोपाल द्वारा म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सीमांकन ग्राम बरर्हि प.ह.न...स्थित भूमि खसरा नंबर 24, 25, 26, 28 रकवा क्रमशः 1.50, 0.2200, 0.1900, 0.100 हे. कुल रकवा 1.660 हे. भूमि का सीमांकन किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त आवेदन के संदर्भ में दिनांक 11/03/2026 को राजस्व निरीक्षक नाम द्वारा सीमांकन किया जाकर सीमांकन रिपोर्ट मय फील्ड बुक, प्रस्तुत कि गई है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 09/07/26 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/07/26 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार, जिला भोपाल**

790

**कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.**

क्रमांक/स्वा. शाखा /2026/1990 शाजापुर, दिनांक :- 01.07.26

**ई-निविदा आमंत्रण-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_519000_1 02-07-2026 | CASTRATION AND ANTI-RABIES VACCINATION OF STRAY DOGS UNDER MUNICIPALCOUNCIL SHAJAPUR. (MP) | 01. 365 दिन 02. 25.00 (लाख | 01. 2000.00 02. 19,000 | 15.07.2026 05.30 PM |
| 2026_UAD_519008_1 02-07-2026 | पोकलेन / हाईड्रा मशीन, जेसीबी मशीन, वाईबेटर, रोड रोलर, केन मशीन, डम्पर, ट्रेक्टर-टॉली, फ्लोरी, ग्रेडर | 01. 365 दिन 02. 25.00 (लाख | 01. 5000.00 02. 18750 | 15.07.2026 05.30 PM |

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
पं. संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
दुष्यन सोनी, सभापति, स्वक्षता शाखा, नगर पालिका परिषद शाजापुर
श्रीमत भुवनेश्वरी-सतीश राठौर, सभापति, सामान्य शाखा, नगर पालिका परिषद शाजापुर
भुपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिक अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

**नोटः**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा

---

## आपका राशिफल 04 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक 3 6 7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6